# बेला कालेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समागम करवाया

भास्कर संवाददाता | चमकौर साहिब



मुख्य मेहमान सुरिंदरजीत कौर (पुलिस वर्दी में) को सम्मानित करते कालेज के स्टाफ मेंबर्स और अन्य। -भास्कर

अमर शहीद बाबा अजीत सिंह जुझार सिंह मैमोरियल कालेज बेला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके एशिया गोल्ड मेडलिस्ट विजेता और पुलिस कप्तान सुरिंदरजीत कौर ने मुख्य मेहमान के रूप में शिरकत की।

कालेज कमेटी के सचिव देविंदर सिंह जटाणा ने महिलाओं पर हो रहे शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए कहा। डॉ. हरप्रीत कौर, बलप्रीत कौर तथा पुलिस कप्तान सुरिंदरजीत कौर ने महिलाओं को आ रही समस्याओं के बारे में बताया तथा उनके साथ अपने तजुर्बे भी सांझे किए। इस दौरान करवाए गए मेहंदी मुकाबलों में दीपाली फर्स्ट और हरप्रीत कौर सेकेंड, लेख मुकाबलों में प्रणब आहूजा फर्स्ट और ज्योति सेकेंड, फालतू सामान से प्रयोग किए जाने वाले सामान बनाने के मुकाबले में हरलीन कौर फर्स्ट और संदीप कौर सेकेंड, पोस्टर मेकिंग मुकाबलों में अमनदीप सिंह फर्स्ट और रिंपी सेकेंड रही। आखिर में प्रिंसिपल सुरमुख सिंह ने मुख्य मेहमान पुलिस कप्तान सुरिंदरजीत कौर को मोमैंटो देकर सम्मानित किया। यहां मैनेजर सुखविंदर सिंह विस्की, प्रो. रमनदीप कौर, डॉ. सुरजीत कौर, प्रो. गगनदीप कौर, प्रो. इशू बाला उपस्थित थे।